## नाबालिग से रेप, तीन गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा के निर्देशान में वृत्ताधिकारी टोंक मृत्युन्जय मिश्रा (अनुसंधान अधिकारी) के सुपरविजन में कोतवाली थानाधिकारी भंवरलाल द्वारा गठित थाना टीम व डीएसटी द्वारा नाबालिंग के साथ दुष्कर्म करने के मामले मे त्वरित कार्यवाही करते हुये तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए वृताधिकारी मृत्युन्जय मिश्रा ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा से रेप का मामला सामने आया है, जिसमें आरोपी फिरोज खान पुत्र फरीद मियाँ उम्र 22 साल निवासी जामा मस्जिद के पिछे, काफला टोंक ने इन्स्टाग्राम के द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर जाल में फँसाया व अपने दोस्तो के साथ अज्ञात स्थान पर ले जाकर रेप किया। कोतवाली थाना प्रभारी भंवर लाल वैष्णव ने बताया कि नाबालिग पुत्री 10वीं कक्षा में पढाई करती है, जिसे फिरोज खान ने इस्टाग्राम पर फंसाकर मिलने के लिऐ बुलाया और मना करने पर उसकी फोटो व वीडीयो वायरल करने कि धमकी दी, जिसके बाद नाबालिग को मोटरसाईकिल पर बैठाकर ब्लेक बंजारा होटल के सामने एक घर मे ले गये, वही दुसरी एक अन्य मोटरसाईकिल पर फिरोज के दो दोस्त आये और घर के बाहर खडे हो गये।

# 'फर्जी आधार से वोटर बनने वाले लोगों की पहचान करने में भाजपा कार्यकर्ता बीएलए की मदद करें'

**टोंक।** जिला भारतीय जनता पार्टी की ओर से एसआईआर पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में

- टोंक में एसआईआर को लेकर भाजपा की कार्यशाला आयोजित
- सभी जगह विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना है



टोंक। जिला भारतीय जनता पार्टी की ओर से एसआईआर पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यालय पर सोमवार को किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने और पारदर्शी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करना हैं।

कार्यशाला में जिलाध्यक्ष चौहान ने कार्यकर्ताओं को चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए एसआईआर के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर योग्य नागरिक के पंजीकृत होने और मतदाता सूची में त्रुटि को ठीक किया जा सके। चौहान ने पार्टी कार्यकर्ताओं और बीएलए से जनता की घर-घर सत्यापन में मदद करने का आग्रह किया, सबसे बडा मुद्दा है घुसपैठिए, जो फर्जी आधार से वोटर बन जाते हैं।

उन्होंने कहा कि विपक्ष इसी से डर रहा है और वोट चोरी का इल्जाम लगा कर लोगों को गुमराह कर रहा, एसआईआर लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है। इस अवसर पर भरतपुर प्रभारी नरेश बंसल ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना है, इसके अंतर्गत मृत, स्थानांतरित एवं डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाए जाएंगे, 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नए युवाओं के नाम जोड़े जाएंगे तथा नाम, पता या फोटो से संबंधित त्रुटियों का सुधार किया जाएगा। इसी कारण एसआईआर को लोकतंत्र को स्वस्थ रखने की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए। इसी क्रम में पूर्व विधायक अजित सिंह मेहता ने कहा कि एसआईआर का उददेश्य लोकतंत्र को मजबूत करना है, चुनावी हारों से हताश होकर कांग्रेस अब झूठ और भ्रम की राजनीति कर रही है।

इस अवसर पर जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, ओमप्रकाश पांडे, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, राजेश शर्मा, बबलू टैंकर, प्रधान काबरा, हरिराम यादव, नीलिमा आमेरा, बीना छामुनिया, तरुण टिक्किवाल, राधेश्याम चांवला, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा, प्रवक्ता विजय मालवानी, रत्तीराम पहाड़िया, जुली शर्मा, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, संयोजक गणेश सैनी, आईटी संयोजक लोकेश गुप्ता, नन्दलाल छान, अंजलि गुप्ता, शिवराज गोरा सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सड़क हादसे में दो की मौत

**टोंक।** भीलवाड़ा के शाहपुरा में देर रात बोलेरो कार ट्रेलर से टकरा गया , जिसमें जिले के मेहन्दवास क्षेत्र के दो युवकों की मौके पर मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार में गमगीन का माहौल बन गया है। मेहंदवास थाना क्षेत्र के चूली गांव के चार युवक रविवार रात्रि को चितौडगढ स्थित सांवरिया के दर्शन के लिए बोलेरो कार में जा रहे थे, तभी जहाजपुर हाईवे पर देर रात्रि को उनकी कार आगे चले रहे ट्रेलर से ओवर टेक करते समय टकरा ग । हादसा इतना तेज था कि कार के परखच्चे उड से गए तथा कार में सवार चूली निवासी आत्माराम मीणा पुत्र गेकाराम मीणा उम्र 29 साल और बाबूलाल मीणा पुत्र मुंशी मीणा उम्र 28 साल की मौके पर ही मौत हो ग तथा हादसे में टीपू पुत्र कमरुद्दीन उम्र 30 साल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मौके पर पंहुची पुलिस ने शाहपुरा जिला अस्पताल भर्ती कराया, जहा से उसे भीलवाडा रेफर किया गया है। सूचना मिलने के बाद परिजन सोमवार सुबह शाहपुरा अस्पताल पहुंचे, जहां से दोनो शवों का पोस्टमार्टम करवाकर गांव लेकर आए, गांव में आते ही शव को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों मृतक खेती-बाड़ी करते थे और उनके पीछे छोटे बच्चे हैं। पूर्व सरपंच हनुमान बैरवा ने इस दुखद घटना पर संवेदना प्रकट की और सरकार से मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता देने की मांग की।

### चतुर्थ श्रेणी भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाने की मांग

**शाहपुरा, (निसं)** । चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा में बैठे बेरोजगार अभ्यार्थियों ने चतुर्थ श्रेणी भर्ती में पदों की संख्या में बढ़ाने की मांग की है। अभ्यार्थियों का कहना है कि 4 ठोड भर्ती परीक्षा में 24 लाख बेरोजगारों ने आवेदन किया था तो इतनी बड़ी संख्या में बेरोजगारों को देखते हुए राज्य सरकार को कम से कम 75000 प्लस पदों पर भर्ती करनी चाहिए। क्योंकि राजस्थान में बेरोजगारों की संख्या बहुत ज्यादा है तो इनको ध्यान में रखते हुए सरकार को कम से कम 75000 प्लस पद करने चाहिए जिससे बेरोजगारों को राहत मिले कम से कम 20000 प्लस पद और बढ़ाने चाहिए जिससे कि राजस्थान में बेरोजगारी को कम किया जा सके। बेरोजगार युवा ओम प्रकाश, विक्रम, शंकर, सुनील, जीतू आदि विद्यार्थियों का कहना भाजपा सरकार को पदों में बढ़ोत्तरी करनी चाहिए जिससे प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को राहत मिल सके।

### रीको को 80 हैक्टर भूमि का आंवटन

**टोंक।** उपखण्ड निवाई के ग्राम बडोदिया में नवीन औद्योगिक क्षेत्र को विकसित किये जाने के लिए 80 हैक्टर भूमि का आंवटन सोमवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने रीको के पक्ष में किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरियां एंव रीको क्षेत्रीय प्रबंधक सीताराम मीना मौजूद रहें। क्षेत्रीय प्रबंधक रीको ने बताया कि रीको द्वारा शीघ्र ही निवाई के ग्राम बडोदिया में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी, अभी वर्तमान में जिले में 10 औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जा चुके है।

### स्कूल पर ताला लगाकर प्रदर्शन

**टोंक।** उनियारा उपखण्ड के सहादत नगर की राजकीय स्कूल के बच्चों व अभिभावको ने स्कूल गेट पर लगाकर एक घंटे तक प्रदर्शन कर धरना दिया। उनियारा पंचायत समिति क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल सहादत नगर में कमरों की कमी समेत अन्य समस्याओं को लेकर सोमवार को स्कूली बच्चों एवं अभिभावकों ने स्कूल के गेट पर ताला जड दिया तथा बाद में जमकर नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए।

## रात के सन्नाटे में बर्तन, खाट व फोल्डिंग पलंग चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

**पावटा( निसं )।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए वहां से कीमती बर्तन, खाट तथा फोल्डिंग पलंग चोरी कर लिए। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला, जिसके बाद चोरी की जानकारी सामने आई।

पीड़ित परिवार सदस्य नरेश बंसल ने बताया कि रविवार की रात दिल्ली निवासी पूरणमल चौधरी के रामलीला मैदान के पास स्थित पुराने घर में चोर बड़ी ही आसानी से घर में घुस आए और घरेलू उपयोग का जरूरी सामान उठा ले गए। घटना के बाद से ग्रामीणों में भय और नाराजगी का माहौल है।

- रात्रि गश्त केवल कागजों तक सीमित, जबकि जमीनी स्तर पर इसका कोई असर नहीं दे रहा दिखाई

लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढ़ाने तथा जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग की है। वहीं सूचना मिलने पर प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बावजूद अब तक पूर्व में हुई चोरियों का कोई ठोस खुलासा नहीं हो पाने से आमजन में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

बर्तन, खाट, फोल्डिंग पलंग, कृषि उपकरण व अन्य घरेलू सामान सहित दुकानों में हुई चोरियों के मामलों में पुलिस के हाथ खाली नजर आ रहे हैं। ठाामीणों का कहना है कि चोरी की हर घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर औपचारिकता निभा देती है, लेकिन न तो चोर पकड़े जा रहे हैं और न ही चोरी गया सामान बरामद हो पा रहा है।

इससे चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## मतदाता शिविर शुरु

**कोटपूतली**(निसं)।स्थानीय राजपूताना पी.जी. कॉलेज में निर्वाचन विभाग के निर्देषानुसार वर्तमान में राज्य भर में प्रक्रियाधीन विषेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत कोई भी पात्र मतदाता न छुटे की संकल्पना के तहत् मतदाता षिविर का आयोजन किया गया। ईलसी प्रभारी ताराचन्द सैनी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व राजस्थान निर्वाचन आयोग के निर्देषानुसार 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में पंजीकरण करने हेतु उक्त षिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान सहायक प्रोफेसर एस.के.षर्मा व नीरू सैनी, उप प्राचार्य उमराव लाल, सुरेष कुमार रिवालिया, ममता यादव, राजकुमार, पुष्पा, सचिन सिवोडिया समेत सैंकड़ों छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

## आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना

**पावटा( निसं )।** विराटनगर थाना क्षेत्र में सोठाना के ग्राम गोपीपुर में 5 दिसंबर की रात्रि पीड़ित शंकर लाल कुमावत के घर में बने बाडे से हुई बकरी चोरी की घटना को लेकर पीड़ित परिवार व ग्रामीणों द्वारा दिया जा रहा धरना आखिरकार पुलिस के एक माह के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ, लेकिन पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में नाराज़गी साफ़ नजर आई। धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर का कहना है कि घटना को 17 दिन का समय बीत जाने के बावजूद न तो चोरी का खुलासा हुआ और न ही आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकी, जिससे पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मजबूरी में ग्रामीणों को धरने का रास्ता अपनाना पड़ा। धरना स्थल पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने एक माह के भीतर मामले का खुलासा करने का भरोसा दिलाया, जिसके बाद धरना समाप्त किया गया। पूर्व विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रागपुरा, भाबरु, विराटनगर थाना क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है और न ही इसे गंभीरता से ले रही है। हालांकि ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे दोबारा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

## विद्यार्थियों को स्वेटर बांटे

**पावटा**(निसं)। क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजनौता में भामाशाह दिलावर सिंह भीमजी भामाशाह भीम सिंह शेखावत दारापुर के सौजन्य से स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को ठंड से राहत देने के उद्देश्य से स्वेटर वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी नजर आई। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने भामाशाह के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से जरूरतमंद विद्यार्थियों को न केवल सुविधा मिलती है, बल्कि पढ़ाई के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ता है। विद्यालय प्रशासन ने भामाशाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है।

स्वेटर पाकर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया और उन्होंने भामाशाह को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान भाजपा प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकाश सिंह कैरोडी, सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार, सरपंच प्रतिनिधि कैरोडी मनीष सिंह, गजराज सिंह, नारायण सिंह, नवीन सिंह बिंदाजी, सत्येंद्र सिंह भीमजी, रूपेश सिंह, मदन स्वामी एवं विष्णु सिंह नरूका जैसे सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया।

## कलक्टर को ज्ञापन दिया

**डीग, भरतपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में केन्द्रीय भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी गारन्टी योजना को कमजोर करने, महात्मा गांधी के नाम को हटाने तथा रोजगार के कानूनी अधिकार को बदलने की साजिश के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी डीग द्वारा विरोध जुलूस निकाल कर जिला कलैक्ट्रेट, डीग पर धरना दिया औरा विरोध प्रदर्शन किया तथा जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया।

जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी ने बताया कि मनरेगा महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य के सपने का जीवंत रूप है, जो कि कोविड काल में उनका आर्थिक सुरक्षा कवच साबित हुआ।

# आपसी समझाइश से टूटे रिश्ते जुड़े

**किशनगढ़ बास।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2025 की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन रविवार को किया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय प्रदान करना था, जिसमें जिले के विभिन्न न्यायालयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिले के विभिन्न न्यायालयों में कुल 7 न्यायिक बेंचों का गठन किया गया था। राष्ट्रीय लोक अदालत खैरथल तिजारा मुख्यालय की प्रथम बेंच में चीफ



किशनगढ़ बास में आयोजित विधिक सेवा शिविर का शुभारंभ चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट रणवीर सिंह ने किया।

ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट रनवीर सिंह अध्यक्ष तथा अधिवक्ता मुकेश सैनी व अभिषेक यादव तहसीलदार खैरथल। तालुका मुख्यालय पर प्रथम बेंच में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-02 किशनगढ़ बास अध्यक्ष तथा हिमांशु मीणा नायब तहसीलदार किशनगढ़ बास व एडवोकेट राजेश मिश्रा सदस्य, द्वितीय बेंच में सीजेजेएम श्रीमती डॉ. रिमझिम अध्यक्ष तथा अधिवक्ता सुधीर कुमार गुप्ता सदस्य, तृतीय बेंच में एसीजेएम नंबर 01 तिजारा अंकुर अठावाल अध्यक्ष तथा उपखंड अधिकारी राजीव कुमार वर्मा व एडवोकेट विनोद कुमार आर्य सदस्य, चतुर्थ बेंच में एसीजेएम मुंडावर अमर सिंह खराडिया अध्यक्ष तथा विवेक कटारिया तहसीलदार मुंडावर व एडवोकेट सरजीत सिंह सदस्य, पंचम बेंच में सीजेजेएम कोटकासिम सुश्री तमन्ना कौशिक अध्यक्ष तथा रेखा यादव उपखंड अधिकारी कोटकासिम व एडवोकेट रविंद्र कुमार सदस्य, छठी बेंच में सीजेजेएम भिवाड़ी किरण राठी अध्यक्ष तथा लाखन सिंह गुर्जर उपखंड अधिकारी टपूकड़ा व एडवोकेट नजीर सदस्य रहे। इन बेंचों में न्यायिक अधिकारियों और विधिक सदस्यों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। सुबह से ही न्यायालय परिसरों में पक्षकारों की भारी भीड़ उमडी, जहाँ आपसी संवाद के माध्यम से विवादों को सुलझाने का प्रयास किया गया। जिसमें कुल 42,117 मामले रखे गए जिनमें से 32,474 मामले सफलतापूर्वक निस्तारित किये गये।

## वाजपेयी जंयती मनाने की तैयारी

**शाहपुरा** (निसं)। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के सानिध्य में सांसद खेल महोत्सव 2025 समापन समारोह व भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जंयती समारोह श्री कल्याण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा (जयपुर) में 25 दिसम्बर को आयोजित होगा जिसकी तैयारी को लेकर स्कूल परिसर में जयपुर ग्रामीण सांसद निजी सचिव भगवान सिंह शेखावत, यादराम जांगल संयोजक सांसद खेल महोत्सव, भाजपा पूर्व जिला मंत्री एवं सांसद खेल महोत्सव शाहपुरा मंडल प्रभारी रवीश खटाणा की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इस दौरान



अटल बिहारी वाजपेयी जंयती समारोह मनाने के लिए भाजपा पदाधिकारियों की बैठक हुई।

कार्यक्रम के आयोजन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को अपनी अपनी जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी रामनरेश यादव, पूर्व नगर परिषद सभापति बंशीधर सैनी, भाजपा शाहपुरा शहर मंडल अध्यक्ष मालीराम सैनी, मनोहरपुर मंडल अध्यक्ष रामचंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष एवं खेजरोली मंडल अध्यक्ष मामराज पुरी गोस्वामी, मंडल सहसंयोजक श्याम सुंदर राज जोशी सहित सैकडो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्कॉलरशिप टेस्ट 28 को

**कोटपूतली** । निकटवर्ती पनियाला मोड स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में बच्चों की बौद्धिक क्षमता का आंकलन एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आगामी 28 दिसम्बर को स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया जायेगा। प्रधानाध्यापिका शिल्पा सिंह ने बताया कि टेस्ट में क्षेत्र के किसी भी स्कूल के कक्षा 02 से 11 वीं तक के विद्यार्थी हिस्सा ले सकते हैं। स्कॉलरशिप टेस्ट में भाग लेने वाले छात्रों को उनके द्वारा प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर स्कॉलरशिप राशि प्राप्त करने का अवसर मिल सकेगा।

## कोटपूतली में एडीएम ने नगर परिषद के प्रशासक का पदभार संभाला

**कोटपूतली**(निसं) । अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने सोमवार को नगर परिषद कोटपूतली प्रशासक का कार्यभार ग्रहण किया।

सहारण ने निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के द्वारा जारी अधिसूचना आदेश की अनुपालना में नगर परिषद कोटपूतली में बोर्ड के कार्यकाल समाप्त होने पर निर्वाचन बोर्ड के गठन होने तक प्रशासक नगर परिषद कोटपूतली का कार्यभार ठाहण किया है। कार्यभार ग्रहण कर उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता शहर

- एडीएम ने कहा कि उनकी प्राथमिकता रोड लाइट आदि व्यवस्थित करना रहेगा

में सफाई व्यवस्था बेहतर करना, रोड लाइट्स, जल भराव, सड़क व्यवस्थीकरण, ड्रेनेज सिस्टम में सुधार, कचरा संग्रहण एवं आमजन के परिवादों का त्वरित निस्तारण करने पर होगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सजग होकर आमजन से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से लेकर कार्य करें। नगर परिषद की मशीनरी को और अधिक सुचारू कर सफाई सहित अन्य आधारभूत कार्य विशेष कार्य योजना बनाकर नियमित पूर्ण करें एवं समस्त कार्य ई-फाइल के माध्यम से पूर्ण करें। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण कर नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद से नगर परिषद के विभिन्न अनुभागों एवं उनकी कार्यव्यस्था के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

## पुतला दहन किया

**भरतपुर** (निस)। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया।

लक्ष्मण मंदिर के सामने विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष विष्णु सैनी के नेतृत्व में बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन कर नारेबाजी की और घटना की निंदा की।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनदेखी की जा रही है। उन्होंने दीपू चंद्र दास की हत्या को मानवता को शर्मसार करने वाली घटना बताया और इस निर्मम कृत्य की कड़ी निंदा की।

# मोबाइल, एटीएम कार्ड लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की

**शाहपुरा( निसं )।** क्षेत्र में ईमानदारी भी अभी जीवित है। यह उदाहरण देते हुए ख़टकड़ गांव निवासी रोहिताश सैनी पुत्र मोठू राम सैनी ने शाहपुरा स्थित श्री नारायण दास पार्क में मिला हजारों रुपए की कीमत का एंड्रॉयड फोन और

- पार्क में मिला 25 हजार का मोबाइल फोन और एटीएम कार्ड लौटाया

यूनियन बैंक का एटीएम कार्ड को देखकर भी रोहिताश सैनी का ईमान नही डिगा।

रोहिताश सैनी ने उस मोबाइल फोन को पुलिस के जरिये उसके असली मालिक तक पहुंचा कर ईमानदारी का परिचय दिया है। शाहपुरा थाने के एएसआई जयराम मीणा ने बताया कि रविवार को कल्याणपुर श्रीमाधोपुर



रोहिताश सैनी ने पार्क मिले मोबाइल को उसके असली मालिक तक लौटाया।

निवासी बस ड्राइवर महेंद्र कुमार जाट का मोबाइल फोन ओर यूनियन बैंक का एटीएम कार्ड शाहपुरा में कही पर गिर गया था। 25 हजार की कीमत का यह मोबाइल फोन ओर एटीएम कार्ड शाहपुरा स्थित श्री नारायण दास पार्क में शाम को इवनिंग वॉक पर टहल रहे खटकड गांव निवासी आर्मी का जवान रोहिताश सैनी को मिला। उसने ईमानदारी का परिचय देते हुए इस मोबाइल फोन और एटीएम कार्ड को शाहपुरा पुलिस थाने में रात्रि में ड्यूटी पर कार्यरत कॉस्टेबल महेंद्र कुमार ओर कॉस्टेबल खेमचंद को सौपा।

महेंद्र कुमार जाट ने अपने फोन पर कॉल की तो रोहिताश ने उसे पुलिस थाने से ले जाने को कहा। ईमानदारी के साथ अनुकरणीय कदम उठाते हुए महेंद्र कुमार जाट को पुलिस की मौजूदगी में मोबाइल फोन और एटीएम कार्ड वापिस कर दिया। जिसके बाद मोबाइल मालिक के चेहरे में खुशी लौट आई। उसने रोहिताश सैनी का आभार प्रकट किया। लोग रोहिताश सैनी की ईमानदारी की सराहना कर रहे हैं। इसी महीने रोहिताश सैनी आर्मी में टेक्निकल पद पर चयन हुआ है।

# 15 आयु वर्ग की बालिकाओं को लगेगा कैंसर से बचाव का टीका

**कोटपूतली, (निसं)।** जिले में भविष्य में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिये विशेष टीका लगाया जायेगा। एचपीवी वैक्सीन कार्यक्रम के तहत चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर 15 वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान वैक्सीन की उपयोगिता, लक्ष्य समूह की पहचान, टीकाकरण की प्रक्रिया, सुरक्षा मानक एवं संभावित दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। आरसीएचओ डॉ. अरविंद अग्रवाल ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पात्र बालिकाओं की पहचान कर समयबद्ध एवं सुरक्षित रूप से टीकाकरण सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम प्रभावी रूप से की जा सके। डीएनओ रविकांत जागिड़ ने बताया कि प्रशिक्षण में बीसीएमओ, बीपीएम एवं चिकित्सा

- जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

अधिकारियों ने भाग लिया। वैक्सीन की उपलब्धता होने पर प्रत्येक चिकित्सा संस्थान द्वारा यूविन पर सैशन बनाये जायेगें। जिसके बाद ही टीकाकरण कार्य किया जायेगा। राज्य स्तर से यूएनडीपी से भव्य सौंधी एवं नीरज शर्मा द्वारा राज्य स्तर से प्रशिक्षण दिया गया।

**क्या हैं एचपीवी वैक्सीन :** एचपीवी वैक्सीन एक सुरक्षात्मक टीका है, जो ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) से होने वाले संक्रमण से बचाव करता है। एचपीवी एक ऐसा वायरस है, जो आगे चलकर सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ठीवा का कैंसर) सहित कुछ अन्य कैंसर और बीमारियों का कारण बन सकता है। यह टीका मुख्य रूप से किशोरियों को लगाया जाता है। भारत में इसे विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए उपयोग किया जा रहा है।

यह टीका एचपीवी के खतरनाक प्रकारों से सुरक्षा देता है, जो कैंसर का कारण बनते हैं। टीकाकरण संक्रमण होने से पहले अधिक प्रभावी होता है, इसलिए कम उम्र में लगाया जाता है। सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करता हैं।

## पोषण संवर्धन कार्यक्रम आयोजित

**अजमेर, ( कासं )।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा बालिकाओं के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए पाठशाला डूमाडा में पोषण संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 50 बालिकाओं को प्रोटीन एवं पोषक तत्वों से भरपूर आहार वितरित किया गया। वितरित आहार सामग्री में चना, मूंग दाल, राजमा, छोले तथा ताजे फल शामिल रहे।